पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल ने गोरखपुर के प्राथमिक विद्यालय रावत पाठशाला के आंगनबाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण

------

30 अगस्त, 2024

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने गोरखपुर के प्राथमिक विद्यालय रावत पाठशाला के आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया और बच्चों से बात की। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों ने राज्यपाल जी को गिनती, कविता पाठ तथा अंक और हिन्दी के वर्णमाला लिखकर दिखाया।

इस आंगनबाड़ी केंद्र पर गर्भवती, धात्री एवं छः वर्ष तक के बच्चे समेत लगभग 85 लाभार्थी रजिस्टर्ड थे, जिनमें तीन वर्ष से छः वर्ष के 28 बच्चे दर्ज थे एवं सभी 28 बच्चे उपस्थित थे। राज्यपाल जी ने पहल पुस्तिका के माध्यम से बच्चों को दी जा रही शिक्षा के बारे में आंगनबाड़ी कार्यकत्री पुष्पा वर्मा से जानकारी ली तथा बच्चों के बेहतर भविष्य की शुभकामना देते हुए उन्हें फल, चॉकलेट तथा एक फर्स्ट ऐड बॉक्स भी भेंट किया।

निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी श्री संजय कुमार मीना, सदर एसडीएम श्रीमती मृणाली अविनाश जोशी, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अभिनव मिश्रा आदि मुख्य तौर पर उपस्थित रहे।

——————

संपर्क सूत्र :
डॉ. संगीता चौधरी, राजभवन
मो0 : 9717872099